मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-20
09/01/2019

मुख्यमंत्री ने किया पटना रिंग रोड के एलाइनमेंट का एरियल सर्वेक्षण

- ## एरियल सर्वेक्षण के पश्चात की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

पटना, 09 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना रिंग रोड के एलाइनमेंट का एरियल सर्वेक्षण किया। एरियल सर्वेक्षण से लौटने के उपरांत मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में इस संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :–

पटना रिंग रोड का नया एलाइनमेंट ‘‘कन्हौली–नौबतपुर–डुमरी–लखना–कच्चीदरगाह –बिदुपुर–चकसिकंदर से हाजीपुर शहर के उत्तर से सराय एन0एच0–77 को पार करते हुए एस0एच0–74 को पार करते हुए एन0एच0–19 – 4 लेन–दिघवारा–शेरपुर–कन्हौली होगा। पटना रिंग रोड की कुल लंबाई लगभग 160 कि0मी0 होगी। यह रिंग रोड 60 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में रिंग रोड चकसिकंदर से एन0एच0– 103 होते हुए हाजीपुर, तदोपरांत एन0एच0–19 होकर सोनपुर जे०पी० सेतु के समानान्तर दीघा होते हुए कन्हौली तक जाना था।

आज के एरियल सर्वे में यह महसूस किया गया कि हाजीपुर शहर की सघन बसावट एवं शहर में यातायात दबाव को देखते हुए रिंग रोड शहर के बाहर–बाहर उत्तर की दिशा की ओर बनाया जाए ताकि पटना और हाजीपुर ट्वीन शहरों का व्यापक फैलाव हो सके।

दानापुर से शेरपुर के बीच पटना रिंग रोड के हिस्से के रूप में गंगा नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। साथ ही रिंग रोड से वैशाली को 4 लेन कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। बख्तियारपुर–ताजपुर के रास्ते आने वाले लोगों के लिए एन0एच0–103 से चकसिकंदर तथा ताजपुर–हाजीपुर रोड के माध्यम से रिंग रोड के सहारे वैशाली जाना आसान होगा। समीक्षा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जे०पी० सेतु के समानान्तर 4 लेन नया पुल राज्य सरकार अपने संसाधनों से बनायेगी। इस संबंध में डी0पी0आर0 बनाने की कार्रवाई प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया।

हवाई सर्वेक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने 6 लेन गंगा ब्रिज कच्ची दरगाह से बिदुपुर का भी निरीक्षण किया एवं कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। जनवरी 2021 तक इस कार्य को पूर्ण होना है। मुख्यमंत्री ने इसे तय सीमा तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गंगा पथ की प्रगति को और तेज करने की आवश्यकता पर बल देते हुए पटना शहर से लिंक पथ के काम को तेज करने के लिए निर्देश दिये। साथ ही एम्स–दीघा एलिवेटेड रोड को अतिशीघ्र चालू करने पर भी जोर दिया।

समीक्षा बैठक में भारतमाला योजना अंतर्गत प्रस्तावित औरंगाबाद–दरभंगा पथ के एलाइनमेंट पर सहमति प्रदान की गई। यह पथ जी0टी0 रोड मदनपुर से प्रारंभ होते हुए गया शहर के पश्चिम से चाकन्द होते हुए खिजरसराय–इस्लामपुर–एकंगरसराय– हिलसा–

कच्चीदरगाह–बिदुपुर–चकसिकंदर–भभुआ–ताजपुर–समस्तीपुर बाईपास होते हुए दरभंगा ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर में मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इसमें अधिक से अधिक ग्रीनफिल्ड से होकर नये पथ का निर्माण किये जाने की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने कल दिनांक– 8.01.2019 के एरियल सर्वे में आरा–छपरा ब्रिज पर ट्रकों के पार्किंग के बिन्दु को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन सारण, छपरा को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पुल पर ट्रकों की पार्किंग न हो तथा यातायात सुगम हो।

एरियल सर्वेक्षण के क्रम में पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा मौजूद थे, जबकि समीक्षा बैठक में पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री त्रिपुरारी शरण, प्रधान सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, प्रधान सचिव खान एवं भूतत्व श्रीमती अंशुली आर्या, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, सचिव परिवहन श्री संजय अग्रवाल, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री आर0एन0 चोंग्थु, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ए0डी0जी0 पुलिस मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, तिरहुत के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुनील कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) श्री बच्चू सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना, भोजपुर, बक्सर, सारण एवं वैशाली के जिलाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

*****